# बालाजी की दुनिया दीवानी | By RamKumar Lakha |

बालाजी की दुनिया दीवानी
सब ही जाने इनकी कहानी,
करता सभी को खुशहाल,
राम गुण गा गा के।

राम ही जाने इसकी माया,
ऐसा है ये अंजनी जाया,
करता बड़े ही कमाल,
राम गुण गा गा के।

खुशियाँ सबको बाँट रहा है,
सबके दुखड़े काट रहा है,
कर दे सभी को निहाल,
राम गुण गा गा के।

युगों युगों से शोर है इसका,
अला बला पे जोर है इसका,
पकड़े ये जंजाल,
राम गुण गा गा के।

मन मंदिर में इन्हें बसा लो,
सच्ची इनकी ज्योत जगा लो,
करेगा ये तो मालामाल,
राम गुण गा गा के।

बालाजी की दुनिया दीवानी,
सब ही जाने इनकी कहानी,
करता सभी को खुशहाल,
राम गुण गा गा के।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-by-ramkumar-la/